बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी ये टीवी एक्ट्रेस अनीता हंसदनानी

एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी जल्द एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं. बताया जा रहा है कि हाल ही में उन्होंने एक फिल्म साइन की है. एक सूत्र ने बताया कि जल्द ही अनीता हसनंदानी अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं. सूत्र ने कहा, अनीता जो कि बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर के साथ फिल्म कुछ तो है और ये दिल में नजर आ चुकी हैं बॉलीवुड में वापसी करने जा रही हैं. एक बार फिर अनीता तुषार कपूर के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी. फिल्म अगले महीने फ्लोर पर जाएगी. फिल्म अनीता का रोल काफी अहम होगा. हालांकि उनके रोल से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी साझा नहीं की जा सकती. ये एक थ्रिलर फिल्म होगी. बीते दिनों तुषार कपूर भी अपनी इस आने वाली थ्रिलर फिल्म के बारे में बात करते नजर आए थे. उन्होंने कहा था, ये एक मर्डर मिस्ट्री होगी और मैं इसमें लीड रोल में नजर आऊंगा. फिल्म का नाम मारिच होगा. मारिच का अर्थ बहुत गहरा है. जब ऑडियंस फिल्म देखेगी तो वो समझ पाएगी. आपको बता दें कि नागिन 3 के खत्म हो जाने के बाद अनीता अब डांस रिएलिटी शो नच बलिए-9 में अपने पति रोहित रेड्डी के साथ हिस्सा ले रही हैं. छोटे पर्दे पर उनके करियर की बात करें तो साल 2013 शुरू स्टार प्लस के मशहूर शो ये है मोहब्बतें में शगुन की भूमिका निभा रही हैं. अनीता, कलर्स टीवी के धूम मचा देने वाली सीरीज नागिन 3 में विशाख खन्ना उर्फ विश (एक नागीन) की भूमिका में नजर आई थीं. इस सीरीज में उनके साथ सुरभी ज्योति, करिश्मा तन्ना और पर्ल वी पुरी जैसे टीवी कलाकार नजर आए. वहीं फिल्मों की बात करें तो पिछली बार अनीता फिल्म हीरो में नजर आई थी. इससे पहले वो कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं. अनीता ने साल 2003 में तुषार कपूर के साथ आई फिल्म कुछ तो है के गाने दिल डिंग डांग डिंग में अपने हॉट अवतार के लिए खूब सुर्खियां बटोरी थी.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वॉर के लिए मैंने खुद पर काफी काम किया: वाणी कपूर

फिल्म वॉर के टीजर में अपनी बिकिनी बॉडी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाली अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि इस फिल्म के लिए जिस हद तक फिट रहने की आवश्यकता थी उसके लिए उन्होंने खुद पर बहुत मेहनत की। वाणी ने एक बयान में कहा, दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया पाना हमेशा से ही अच्छा रहा है और इस प्रतिक्रिया को देखकर मुझे वाकई में बेहद खुशी मिली है। फिल्म के लिए जितनी फिटनेस की जरूरत थी उसे पाने के लिए मैंने खुद पर काफी काम किया। 30 वर्षीय इस अभिनेत्री ने परफेक्ट बिकिनी बॉडी पाने के लिए पिलेट्स और योगा के साथ-साथ जिम में वेट ट्रेनिंग भी की। वाणी ने यह भी कहा, मैं इस परियोजना को लेकर बेहद उत्साहित थी और मुझे फिल्म में किस तरह से दिखाना चाहते हैं इस बारे में सिड काफी स्पष्ट थे। डायटिंग करना और एक भी चिट मिल भी न लेना सबसे कठिन था। वॉर में अभिनेता ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ भी हैं और इसके निर्देशक सिद्धार्थ आनंद हैं। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

अच्छी फिल्में नहीं बन रहीं, अब मैं बनाऊंगी फिल्में: तनीषा मुखर्जी

बॉलिवुड अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी पहुंची मुंबई में आयोजित एक इवेंट में। इस मौके पर मीडिया से भी बातचीत और बताया कि उन्होंने अपना प्रॉडक्शन हाउस शुरू किया है, जल्द ही वह अपने प्रॉडक्शन में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। फिल्मों से गायब तनीषा से जब यह पूछा गया कि आने वाले दिनों में क्या वह किसी फिल्म में नजर आएंगी। क्या एक अच्छी फिल्म के साथ वह वापसी करेंगी ?

फिल्मों में वापसी को लेकर किए गए सवाल पर तनीषा ने हंसते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि अच्छी फिल्में बन रही हैं? यदि मुझे अच्छी फिल्म का प्रस्ताव मिलता है तो मैं जरूर करूंगी। इस समय डिप्रॉडक्शनजिटल एक अच्छा मंच बन चुका है। मैं फिल्में बनाना चाहती हूं और उम्मीद है कि मेरे प्रॉडक्शन हाउस के तहत मैं एक फिल्म के लिए शूटिंग जल्दी ही शुरू करूंगी।

तनीषा आगे कहती हैं, वैसे इन दिनों सबसे ज्यादा समय मैं पर्यावरण से जुड़े काम में बिता रही हूं। मेरा खुद का एक एनजीओ है, जिसके तहत हम पेड़ लगाने से जुड़े कार्यक्रम कर रहे हैं। इस समय दुनिया में क्लाइमेट चेंज सबसे बड़ी समस्या है और इसे सुधारने के लिए हमारे पास सिर्फ 3 साल हैं। अगर हमने इन तीन साल कुछ नहीं किया मुंबई जैसे शहर में रहना मुश्किल हो जाएगा।

बता दें, बॉलिवुड अभिनेत्री काजोल की छोटी बहन तनीषा ने श्श... , पॉपकॉर्न खाओ मस्त हो जाओ, नील एन निक्की और टैंगो चार्ली जैसी कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें अपनी मां तनुजा और बड़ी बहन काजोल के जैसी सफलता नहीं मिली। 2003 में हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने वाली तनीषा ने अब तक कुल 11 फिल्मों में काम किया है, उनकी लगभग सभी फ्लॉप रही हैं।

फिल्मों से दूरी बनाकर तनीषा अपने एनजीओ स्टैम्प के काम में व्यस्त हो गईं। तनीषा को आखिरी बार साल 2016 में रिलीज़ हुई फिल्म अन्ना में देखा गया था। फिल्म का निर्देशन शशांक उदापुर्कर ने किया था। फिल्म में तनीषा ने एक पत्रकार का किरदार निभाया था। तनीषा छोटे पर्दे पर आखिरी बार टीवी सीरीयल बिग बॉस (2013) में नजर आई थीं।